अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के अध्यक्ष पद के दिनांक 17.5.2015 को गोवा में आयोजित चुनाव के कार्य विवरण

अ.भा. तैलिक साहू महासभा के अध्यक्ष पद के चुनाव की बैठक Metropole Hall, Padre Miranda Road, Margao, गोवा में आयोजित हुई। जिसमें सुबह 9 बजे से आजीवन सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं पदाधिकारियों के रजिस्ट्रेशन की शुरूआत, मुख्य चुनाव अधिकारी एवं उपचुनाव अधिकारी द्वय के सुपर विजन में हुई, प्रत्येक मतादाता को प्रवेश पत्र उनके फोटो आई कार्ड के माध्यम से जारी किए गए।

11 बजे डॉ. प्रकाश सेठ, रा. महासचिव द्वारा माइक से बैठक में शामिल सभी उपस्थित मतदाताओं का स्वागत किया गया तत्पश्चात श्री रामलाल जी गुप्ता मुख्य चुनाव अधिकारी, श्री हरिशंकर जी साहू उप चुनाव अधिकारी, श्री सी अर्जुन उपचुनाव अधिकारी को द्वीप प्रज्ज्वलन कर मंच आमंत्रण का अनुरोध किया गया।

द्वीप प्रज्ज्वलन उपरांत मुख्य चुनाव अधिकारी एवं उपचुनाव अधिकारी द्वय मंचासीन हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री रामलालजी गुप्ता, उपचुनाव अधिकारी श्री हरिशंकर जी साहू एवं श्री सी. अर्जुन ने अपना परिचय सदन को दिया।

मुख्य चुनाव अधिकारी श्री रामलाल जी गुप्ता ने सदन को अवगत कराया आज सुबह 10 बजे तक (17 मई 2015) उन्हें अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। एक श्री जयदत्तजी क्षीरसागर, बीड़ का एवं दूसरा श्री आनंद कुमार जी पटना का, दोनो आवेदन उपयुक्त पाये गए हैं। दोनों उम्मीदवारो से अनुरोध है जो अपना नाम वापिस लेना चाहे वो वापिस ले लें इस हेतु पाँच मिनट का समय दिया जाता है।

श्री आनंद कुमार ने अनुरोध किया वे मंच पर आकर 2 मिनट का उद्‌बोधन देकर अपना नाम वापिस लेंगे की इच्छा जाहिर की । मुख्य चुनाव अधिकारी ने उन्हें मंच पर बुलाकर अपनी बात कहने के लिए 2 मिनट का समय दिया।

श्री आनंद कुमार जी ने बताया उन्होंने युवा प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में महासभा के लिए जो कार्य किए उसकी जानकारी दी एवं आगे वे महासभा के लिए कार्य करते रहेंगे। अपनी भावना से अवगत कराया एवं अंत में कहा मैं जयदत्तजी क्षीरसागर अ.भा. तैलिक साहू महासभा के अध्यक्ष बने इसलिए अपना नाम वापिस लेता हूँ लिखित रूप से मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र दिया। सदन ने उनका स्वागत किया।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने सदन को अवगत कराया अब सिर्फ एक आवेदन श्री जयदत्तजी क्षीरसागर का है अतः उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष, अ.भा. तैलिक साहू महासभा घोषित करता हूँ। मुख्य चुनाव

अधिकारी की घोषणा उपरांत सदन ने कर्तल ध्वनी से उनकी घोषणा का समर्थन किया। विभिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने मंच पर आकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष, श्री जयदत्तजी क्षीरसागर का फूल/शाल/श्रीफल से सम्मान किया। इसके उपरांत मुख्य चुनाव अधिकारी ने नव नियुक्त अध्यक्ष श्री जयदत्तजी क्षीरसागर को निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष अ.भा.तैलिक साहू महासभा का प्रमाण पत्र दिया।

श्री जयदत्त जी क्षीरसागर ने फूलों से श्री आनंद कुमार का सम्मान किया, श्री आनंद कुमार जी ने निर्वाचित अध्यक्ष श्री जयदत्तजी क्षीरसागर का फूलों की माला द्वारा सम्मान किया गया।

श्री जयदत्तजी क्षीरसागर ने सदन में आसीन सभी मतदाताओं का निर्विरोध निर्वाचन के लिए आभार माना एवं धन्यबाद दिया। उन्होंने प्रत्येक प्रदेश को सक्रियता से एकजुट होकर कार्य करे सक्रियता से प्रयास किए जायेंगे। पुनः सबका आभार मानते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष की अनुमति से सामान्य सभा प्रारंभ हुई जिसमें निम्नलिखित प्रदेश के प्रतिनिधियों ने अपने उद्‌बोधन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष को अपना पूर्ण समर्पण के साथ सक्रिय सहयोग रहेगा आश्वासन दिया।

1.	केरल प्रदेश	श्री कुट्‌टपन चेट्‌टियार, अध्यक्ष केरल प्रदेश
2.	तामिलनाडु	श्री जयपाल, संगठन सचिव, रा. संगठन
3.	पांडिचेरी	श्री रामलिंगम, कार्यवाहक अध्यक्ष, रा. संगठन
4.	कर्नाटक	श्री पी. रघुनाथ, संगठन सचिव, रा. संगठन
5.	आंध्र प्रदेश	श्री रामकृष्णैया, पूर्व रा. महासचिव
6.	मध्य प्रदेश	श्री बटनलाल साहू, रा. कार्यवाहक अध्यक्ष्ज्ञ
7.	छत्तीसगढ़	श्री बिपिन साहू, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश
8.	गुजरात	श्री एन.टी. राठौर, उपाध्यक्ष, रा. संगठन
9.	राजस्थान	श्री टी.सी. चौधरी, रा. कार्यवाहक अध्यक्ष
10.	उडिसा	श्री रघुनाथ साहू, अध्यक्ष उडिसा प्रदेश
11.	दिल्ली	श्री राहुल साहू, अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश
12.	बिहार	श्री कृष्णा प्रसाद, अध्यक्ष बिहार प्रदेश
13.	पं. बंगाल	श्री रवि गोराई, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष्ज्ञ
14.	पं.बंगाल	श्री भगवान दास आर्य, रा. कार्यवाहक अध्यक्ष
15.	झारखंड	श्री दयानंद कश्यप, प्रतिनिधि झारखंड
16.	झारखंड	श्री रिपुसूदन साहू, प्रभारी युवा प्रकोष्ठ
17.	छत्तीसगढ़	सुश्री ममता साहू, प्रभारी महिला प्रकोष्ठ
18.	महाराष्ट्र	श्री रामदास जी तडस, सांसद सदस्य एवं अध्यक्ष महाराष्ट्र
19.	छत्तीसगढ़	श्री लखनलाल साहू, सांसद सदस्य, छत्तीसगढ़
20.	गोवा	श्री मोहन डिचोलकर, पूर्व अध्यक्ष गोवा प्रदेश
21.	बिहार	श्री हीरालाल साहू, रा. कार्यवाहक अध्यक्ष

श्री के.आर. हिंगणकर, कोषाध्यक्ष द्वारा सदन को अवगत कराया गया, वर्ष 2015 तक का आडिटेड एकाउंट आपको उपलब्ध कराई गई महासभा समाचार में प्रकाशित किया गया है। सदन से कोषाध्यक्ष महोदय ने अनुमोदन चाहा, सदन ने कर्तल ध्वनी से अनुमोदन किया। पदाधिकारियों को मनोनीत करने के लिए अध्यक्ष महोदय को अधिकृत किया गया।

अंत में में श्री के.आर. हिंगणकर ने सबकों धन्यवाद देते हुए इस चुनावी कार्यक्रम का आयोजन गोवा गोमांतक तेली समाज गोवा प्रदेश के श्री चेतन मटकर, श्री मोहन डिचोलकर, श्री ए.के. तेली एवं उनकी टीम को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

मुख्य चुनाव अधिकारी, उपचुनाव अकधकारी ने व्यवस्थित रूप से चुनाव कार्यक्रम सम्पन्न कराना उस हेतु धन्यवाद देते हुए आभार माना।

सभी प्रदेशों के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य/पदाधिकारियों का आभार माना। सांसद सदस्य श्री रामदास जी तडस एवं सांसद सदस्य श्री लखनलाल जी साहू का भी आभार व्यक्त किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री जयदत्तजी क्षीरसागर द्वारा सभा समाप्ति की घोषणा की गई।

दिनांक–17.05.2015

डॉ. प्रकाश सेठ
महासचिव